कार्यालय प्राचार्य – राजीव गांधी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय लोरमी
जिला– मुंगेली (छ.ग.)

(महाविद्यालय कोड 2902)

Website :- www.govtcollegelormi.in Email- rggcollegelormi@gmail.com

क्रं./ 01 / IQAC / 2019 लोरमी दिनांक 03.07.2019

## IQAC MEETING

महाविद्यालय में आज दिनांक 03.07.2019 दोपहर 2 बजे को प्राचार्य महोदय के निर्देशानुसार सभाकक्ष में नये सत्र के आरम्भ होने के उपरांत IQAC बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में निम्न प्रस्तावों पर चर्चा की गयी।

1. विगत अप्रैल माह में NAAC टीम की महाविद्यालय में भ्रमण उपरांत NAAC टीम द्वारा सौपे गये प्रतिवेदन पर चर्चा।
2. महाविद्यालय में नये प्रवेश संबधी चर्चा।
3. 8 जुलाई 2019 को नव प्रवेशित छात्र–छात्रओं के लिए महाविद्यालय में अभिसंस्करण उत्सव एवं गुरू–शिष्य परिचय सम्मेलन का आयोजन करने संबंधी चर्चा।
4. महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन की चर्चा।
5. महाविद्यालय परिसर में की प्रतियोगी परीक्षाओं के कोंचिग की निःशुल्क व्यक्तित्व।
6. महाविद्यालय में अध्ययन –अध्यापन के साथ–साथ छात्र–छात्राओं के सर्वागीण व्यक्तितव विकास हेतु नये सुझावों यथा Personality Development , motivational classes तथा Skill development संबंधी चर्चा।
7. Library के डिजीटलीकरण हेतु व्यवस्था बनाये जाने पर चर्चा।
8. महाविद्यालय की सर्वप्रमुख समस्या के अंतर्गत कक्ष की कमी पर चर्चा करते हुए नवीन आवेदन उच्च शिक्षा आयुक्त को सौपने संबंधी चर्चा।

उक्त मीटिंग के दौरान IQAC समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में उपरोक्त चर्चाओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए की गयी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश प्राचार्य महोदय द्वारा दिये गये।

IQAC प्रभारी
IQAC Co-ordinator
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi,Dist-Mungeli,495115(C.G.)

Principal
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi,Dist-Mungeli,495115(C.G.)
प्राचार्य
राजीव गांधी शास. महा. विद्या. लोरमी
जिला – मुंगेली (छ.ग.)

उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर

कार्यालय प्राचार्य – राजीव गांधी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय लोरमी
जिला– मुंगेली (छ.ग.)

(महाविद्यालय कोड 2902)

Website :- www.govtcollegelormi.in Email- rggcollegelormi@gmail.com

क्रं./ 02 / IQAC / 2019 लोरमी, दिनांक 22.10.2019

## IQAC MEETING

महाविद्यालय में आज दिनांक 22.10.2019 को प्राचार्य महोदय के निर्देशनुसार प्राचार्य कक्ष में दोपहर 12 बजे IQAC की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त सदस्य उपस्थित रहें तथा IQAC प्रभारी द्वारा पूर्व बैठक दिनांक 03.07.2019 का पालन प्रतिवेदन सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया :–

## पिछली बैठक दिनांक 03.07.2019 का पालन प्रतिवेदन

1. एजेन्डा क्रं. 1 के अनुसार **नैक पीयर टीम (NAAC PEER TEAM)** द्वारा सौंपे गये प्रतिवेदन में जो सुझाव दिये गये उनपर कार्यवाही करते हुए महाविद्यालय की कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।
2. एजेन्डा क्र 02 के अनुसार महाविद्यालय में नये सत्र 2019–20 की प्रवेश प्रक्रिया का कार्य पूर्ण कर लिया गया।
3. एजेन्डा क्रं. 03 के अनुसार विगत 08 जुलाई 2019 को नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के उन्नमुखीकरण हेतु महाविद्यालय में अभिसंस्करण उत्सव एवं गुरू–शिष्य परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया।
4. एजेन्डा क्रं. 04 के अनुसार महाविद्यालय परिसर में NSS तथा IQAC के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता एवं साफ साफाई अभियान चलाया गया। इसी तारत्मय में महाविद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया। इको क्लब के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर्यक्रम आयोजित करते हुए 31.07.2019 को पर्यावरण संरक्षण संबंधी रैली निकाली गई तथा रंगोली के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया।
5. एजेन्डा क्रं. 05 के अनुसार महाविद्यालय में जुलाई माह में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ करने से पूर्व इच्छुक छात्र/छात्राओं को पंजीकृत किया गया तथा अगस्त माह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रति सोमवार से शुक्रवार तक समय 03 से 04 बजे तक नियमित कक्षाएं आरंभ की गयी।

6. एजेन्डा क्रं. 06 के अनुसार महाविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन –अध्यापन का कार्य प्रारंभ कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालीन स्तर पर विभिन्न प्रयास किये जा रहे है। इसी तारत्मय में महाविद्यालय के IQAC समिति के प्राध्यापकों श्री एस. के. जांगडे , डॉ. आर.एस.साहू तथा श्रीमती निधी सिंह के द्वारा UGC के निर्देशानुसार दिनांक 09.08.2019 को भोपाल में स्वयम् कार्यक्रम संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, तथा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को स्वयम् एवं Mooc से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त छात्र/छात्राओं के कौशल उन्नयन हेतु इको क्लब के माध्यम से दिनांक 05.10.2019 को चित्रकला, रंगोली, भाषण, कविता आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
7. एजेन्डा क्रं. 07 के अनुसार Library के डिजिटलीकरण हेतु यथा संभव प्रयास किये जा रहे है।
8. एजेन्डा क्रं. 08 के अनुसार महाविद्यालय में कक्ष की समस्या को देखते हुए उच्च शिक्षा आयुक्त महोदया से संपर्क करने हेतु महाविद्यालय में प्रतिनिधि मण्डल का गठन किया गया, जिसमें IQAC समिति के प्राध्यापकों श्री एस.के.जांगडे , डॉ. आर. एस.साहू, श्रीमती निधी सिंह को नामित किया गया। उक्त प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिनांक 21.10.2019 को उच्च शिक्षा आयुक्त श्रीमती शारदा वर्मा से रायपुर में मुलाकात करते हुए महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया गया। आयुक्त महोदया द्वारा महाविद्यालय की उक्त समस्या के समाधान हेतु आश्वस्त किया गया।

## दिनांक 22.10.2019 के IQAC बैठक के नवीन प्रस्ताव

1. एजेन्डा क्रं. 01 के अनुसार महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय खो–खो (पुरूष) स्पर्धा के आयोजन संबंधी चर्चा
2. एजेन्डा क्रं. 02 के अनुसार Library में पुस्तकों की कमी को देखते हुए विधायक महोदय से मुलाकात करते हुए समस्याओं से अवगत कराया जाए।
3. एजेन्डा क्रं. 03 के अनुसार IQAC एवं Redcross समिति द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के आयोजन संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा।
4. एजेन्डा क्रं. 04 के अनुसार IQAC के तत्वाधान में विद्यार्थियों के कौशल प्रदर्शन हेतु विज्ञान एवं आनन्द मेले के आयोजन संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा।
5. एजेन्डा क्रं. 05 के अनुसार दिनांक 11.11.2019 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर मोटीवेशनल वर्कशॉप कार्यक्रम के आयोजन संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा।

6. एजेन्डा क्रं. 06 के अनुसार महिला सशक्तीकरण हेतु सेमीनार/वर्कशॉप का आयोजन किया जाए।
7. एजेन्डा क्रं. 07 के अनुसार युवाओं को नशा मुक्ति अभियान से अवगत कराने हेतु सेमीनार /वर्कशाप का आयोजन किया जाए।
8. एजेन्डा क्रं. 08 के अनुसार युवाओं को छत्तीसगढ संस्कृति से परिचित कराने हेतु आयोजित छ.ग. शासन के युवा महोत्सव प्रतियोगिता की जानकारी दी जावे।
9. एजेन्डा क्रं. 09 के अनुसार IQAC की समिति का पुनर्गठन किया जावें।
10. एजेन्डा क्रं. 10 के अनुसार महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को संविधान से पूर्णतः परिचित कराने हेतु वर्कशाप /उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

उक्त मीटिंग के दौरान IQAC समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में उपरोक्त चर्चाओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए की गयी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश प्राचार्य महोदय द्वारा दिये गये।

**IQAC प्रभारी**
IQAC Co-ordinator
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi, Dist-Mungeli, 495115(C.G.)

**प्राचार्य**
**राजीव गांधी शास. महा. विद्या. लोरमी**
**जिला – मुंगेली (छ.ग.)**
Principal
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi, Dist-Mungeli, 495115(C.G.)

**उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर**

/


कार्यालय प्राचार्य – राजीव गांधी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय लोरमी
जिला– मुंगेली (छ.ग.)

(महाविद्यालय कोड 2902)

Website :- www.govtcollegelormi.in Email- rggcollegelormi@gmail.com


क्रं./ 03 / IQAC / 2019 लोरमी, दिनांक 23.11.2019

## IQAC MEETING

महाविद्यालय में आज दिनांक 23.11.2019 को प्राचार्य महोदय के निर्देशनुसार प्राचार्य कक्षा में दोपहर 02 बजे IQAC की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त सदस्य उपस्थित रहें तथा IQAC प्रभारी द्वारा पूर्व बैठक दिनांक 22.10.2019 का पालन प्रतिवेदन सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया :–

## पिछली बैठक दिनांक 22.10.2019 का पालन प्रतिवेदन

1. एजेन्डा क्रं. 01 के अनुसार महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय खो–खो (पुरूष) स्पर्धा का आयोजन दिनांक 04.11.2019 को किया गया। जिसमें प्रथम स्थान मुंगेली व द्वितीय स्थान लोरमी महाविद्यालय को प्राप्त हुआ ।
2. एजेन्डा क्रं. 02 के अनुसार Library में पुस्तकों की कमी को देखते हुए विधायक महोदय से प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मुलाकात करते हुए समस्याओं से अवगत कराया गया। इस तारत्मय में विधायक महोदय द्वारा विधायक निधि से पुस्तक क्रय करने हेतु 2 लाख रू. का अनुदान महाविद्यालय को दिया गया।
3. एजेन्डा क्रं. 03 के अनुसार IQAC एवं Redcross समिति द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन का दिनांक 11.11.2019 को लोरमी महाविद्यालय में किया गया जिसमें महाविद्यालय के 300 छात्र /छात्रओं का स्वास्थ्य परीक्षण Blood test एवं eye test प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी की टीम द्वारा किया गया।
4. एजेण्डा क्रं. 04 के अनुसार IQAC तत्वाधान में विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन एवं प्रदर्शन हेतु दिनांक 18.11.2019 को "विज्ञान एवं आनंद मेला" का आयोजन महाविद्यालय में किया गया जिसमें विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा 50 से अधिक स्टॉल लगाते हुए अपने कौशल प्रदर्शन करते हुए Model एवं स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल भी लगाए गये।

5. एजेण्डा क्रं. 05 के अनुसार दिनांक 11.11.2019 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर जीवनदीप समिति लोरमी द्वारा रक्तदान के महत्व पर एक Motirational Seminar का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।
6. एजेण्डा क्रं. 06 के अनुसार समय 11 बजे से 02 बजे तक दिनांक 19.11.2019 को महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई एवं इन्दिरा गांधी जयंती के अवसर पर ''नारी शक्ति'' की थीम पर महिला सशक्तिकरण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लोरमी जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा सिंह रही। उनके द्वारा सभा के समक्ष महिलाओं के सशक्तिकरण पर ''बेटी बचाओं'', ''बेटी पढाओं'' अभियान पर तथा नारी शक्ति के महत्व पर छात्राओं को प्रेरित किया गया।
7. एजेण्डा क्रं. 07 के अनुसार युवाओं की वर्तमान पीढ़ी के मध्य नशा मुक्ति अभियान की जानकारी देने हेतु दिनांक 19.11.2019 को समय 02:30 बजे से 4 बजे तक राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम अधिकारी जिला मुंगेली द्वारा छात्र –छात्राओं को नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया गया तथा नशा मुक्ति से संबंधित रंगोली एवं चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
8. एजेण्डा क्रं. 08 के अनुसार दिनांक 15.11.2019 को प्राथमिक शाला लोरमी में आयोजित युवा महोत्सव प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया गया, जिसमें वाद–विवाद फुगड़ी , भाषण ,फैंसी ड्रेस, क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
9. एजेण्डा क्रं. 09 के अनुसार IQAC समिति का पुनर्गठन करते हुए IQAC Co – ordinater का प्रभार श्री S.K. जांगड़े विभागाध्यक्ष इतिहास को सौंपा गया।
10. एजेण्डा क्रं. 10 के अनुसार संवैधानिक प्रावधानों पर आधारित वर्कशॉप का आयोजन दिनांक 26.11.2019 को किया गया। जिसमें मुख्य व्याख्यान लोरमी के व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती बरखा रानी वर्मा द्वारा दिया गया। तथा संविधान की महिमा एंव कर्त्तत्यों के पालन करने का संकल्प दिलवाया गया।

## दिनांक 23.11.2019 के IQAC बैठक के नवीन प्रस्ताव

1. एजेण्डा क्रं. 01 के अनुसार IQAC एवं रेडक्रॉस समिति द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन संबंधी प्रस्ताव।
2. एजेण्डा क्रं. 02 के अनुसार छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक जानकारी हेतु ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।
3. एजेण्डा क्रं. 03 के अनुसार NAAC के वर्ष 2019–20 के AQAR फॉर्म भरने संबंधी तैयारी पर चर्चा।
4. एजेण्डा क्रं. 04 के अनुसार NSS शिविर एवं वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर चर्चा।
5. एजेण्डा क्रं. 05 के अनुसार मतदाता जागरूकता एवं स्वीप कार्यक्रम के आयोजन संबंधी चर्चा
6. एजेण्डा क्रं. 06 के अनुसार अध्ययन अध्यापन हेतु नवीन प्रविधियों Net, Lcd, google classroom, zoomapp आदि के माध्यम से Online शिक्षा पद्धतियों का उपयोग किया जावे।
7. एजेण्डा क्रं. 07 के अनुसार स्नात्कोत्तर विभागों के विभागीय पुस्तकालयों में संदर्भ ग्रन्थों का समावेश किया जावे।
8. एजेण्डा क्रं. 08 के अनुसार कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं एवं कोचिंग की व्यवस्था की जावे।
9. एजेण्डा क्रं. 9 के अनुसार एलुमिनी संघ के रजिस्ट्रेशन का कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जावे।
10. एजेण्डा क्रं. 10 के अनुसार महाविद्यालय की Website को Update किया जावे।

उक्त मीटिंग के दौरान IQAC समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में उपरोक्त चर्चाओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए की गयी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश प्राचार्य महोदय द्वारा दिये गये।

IQAC प्रभारी
IQAC Co-ordinator
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi,Dist-Mungeli,495115(C.G.)

प्राचार्य
राजीव गांधी शास. महा. विद्या. लोरमी
जिला – मुंगेली (छ.ग.)
Principal
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi,Dist-Mungeli,495115(C.G.)

उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर

कार्यालय प्राचार्य – राजीव गांधी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय लोरमी
जिला– मुंगेली (छ.ग.)

(महाविद्यालय कोड 2902)

Website :- www.govtcollegelormi.in Email- rggcollegelormi@gmail.com


क्रं./ 04 / IQAC / 2020 लोरमी, दिनांक 12.02.2020

## IQAC MEETING

महाविद्यालय में आज दिनांक 12.02.2020 को प्राचार्य महोदय के निर्देशानुसार प्राचार्य कक्ष में दोपहर 12 बजे IQAC की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त सदस्य उपस्थित रहें तथा IQAC प्रभारी द्वारा पूर्व बैठक दिनांक 23.11.2019 का पालन प्रतिवेदन सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया :–

## दिनांक 23.11.2019 के IQAC बैठक का पालन प्रतिवेदन

1. एजेण्डा क्रं. 01 के परिपालन में IQAC एवं रेडक्रास समिति द्वारा प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी व महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 02.12.2019 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं तथा प्राध्यापकों द्वारा रक्तदान किया गया।
2. एजेण्डा क्रं. 02 के अनुसार परिपालन में 14.12.2019 को महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं को छ.ग. के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल चैतुरगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया।
3. एजेण्डा क्रं. 03 के अनुसार परिपालन में NAAC के वर्ष 2019–20 के AQAR फॉर्म भरने संबंधी जानकारी तैयार की जा रही है।
4. एजेण्डा क्रं. 04 के अनुसार NSS शिविर का आयोजन किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने अपनी कलाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
5. एजेण्डा क्रं. 05 के परिपालन में 25 जनवरी 2020 को मतदाता जागरूकता एवं स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी लोरमी सुश्री रूचि शर्मा रही है। जिसमें छात्र–छात्राओं ने चित्रकला, रंगोली , कविता, एवं नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किया।
6. एजेण्डा क्रं. 06 के अनुसार अध्ययन–अध्यापन हेतु प्राध्यापकों द्वारा Google meet Google classroom , Zoom – app तथा सिस्को वेबेक्स के माध्यम से Online Classes प्रारंभ कर दी गई है।

7. एजेण्डा क्रं. 07 के अनुसार स्नात्कोत्तर विभागों द्वारा संदर्भ ग्रन्थों का समावेश विभागीय पुस्तकालय में किया जा रहा है।
8. एजेण्डा क्रं. 08 के अनुसार एल्युमिनी संघ का रजिस्ट्रेशन की प्रक्रियाधीन है।
9. एजेण्डा क्रं. 09 के अनुसार महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के विकास हेतु नवीन M.O.U. करवाने के प्रस्ताव की प्रक्रिया चल रही है।
10. एजेण्डा क्रं. 10 के अनुसार महाविद्यालय की Website को Update किया गया।

## दिनांक 12.02.2020 के IQAC बैठक के नवीन प्रस्ताव

1. एजेण्डा क्रं. 01 के अनुसार प्रत्येक विभाग छात्रों का सतत् मूल्याकंन करें।
2. एजेण्डा क्रं. 02 के अनुसार Sports विभाग में खेलकूद के नवीन उपकरणों एवं जिम हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए।
3. एजेण्डा क्रं. 03 के अनुसार महाविद्यालय में NSS की महिला इकाई हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए।
4. एजेण्डा क्रं. 04 के अनुसार महाविद्यालय में Green Audit एवं Engery Andit के लिए प्रस्ताव तैयार किया जावे।
5. एजेण्डा क्रं. 05 के अनुसार पुस्तकालय व कार्यालयीन कार्यो को नवीन साफ्टवेयर के आधार कम्प्यूटरीकृत करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जावे।
6. एजेण्डा क्रं. 06 के अनुसार अधिकारियों व कर्मचारीयों के लिए Quality awareness Programme आयोजित किया जावे।
7. एजेण्डा क्रं. 07 के अनुसार एल्युमिनी छात्र–छात्राओं , अभिभावक आदि से Feedback लेने की व्यवस्था की जाये।
8. एजेण्डा क्रं. 08 के अनुसार प्राध्यापकों के द्वारा ग्रामीण अंचल के छात्र–छात्राओं के Rural management पर अधिक ध्यान दिया जावे।
9. एजेण्डा क्रं. 09 के अनुसार प्राध्यापकों के द्वारा Social work किया जावे एवं छात्र–छात्राओं को Social Work करने हेतु Motivate किया जावें।
10. एजेण्डा क्रं. 10 के अनुसार महाविद्यालय में Best Practise एवं Innovation हेतु नवीन प्रस्ताव तैयार किये जावें।
11. एजेण्डा क्र. 11 के अनुसार महाविद्यालय में विद्यार्थियों के कैरियर गाइडेन्स एवं Skill development के Classes आयोजित की जावें।

12. एजेण्डा क्रं. 12 के अनुसार निर्धन छात्र–छात्राओं के अध्ययन –अध्यापन में व्यवधान उत्पन्न होने पर उनकी समस्या समाधान हेतु निर्धन कल्याण कोष के गठन का प्रस्ताव पारित किया जावे।

उक्त मीटिंग के दौरान IQAC समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में उपरोक्त चर्चाओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए की गयी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश प्राचार्य महोदय द्वारा दिये गये।

Principal
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi,Dist-Mungeli,495115(C.G.)
प्राचार्य
राजीव गांधी शास. महा. विद्या. लोरमी
जिला – मुंगेली (छ.ग.)

IQAC प्रभारी
IQAC Co-ordinator
R.G.Govt. Art & commerce college
Lormi,Dist-Mungeli,495115(C.G.)
उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर